प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 26.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

आज संविधान दिवस है। 1949 में आज ही के दिन देश का संविधान अंगीकृत किया गया था। इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान दिवस की इस वर्ष की थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान रखी गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में समारोह रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में 1949 में संविधान को अंगीकार किए जाने का स्मरण किया है। देश की प्रगति में संविधान की भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मज़बूत करने का आग्रह किया। इधर संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम हो रहे है। इनमें जनजागरूकता समारोह, विभिन्न प्रतियोगिताएं और संवैधानिक मूल्यों से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियां तथा रैली भी शामिल है। जयपुर के अल्बर्ट हॉल से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज संविधान जन जागरण रैली निकाली गई। वहीं झुंझुनूं के चिडावा में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। धौलपुर जिला और सत्र न्यायाधीश कार्यालय में लोगों को संविधान की विशेषताएं बताने के साथ नागरिक कर्तव्यों के पालन के लिए भी प्रेरित किया गया। संविधान दिवस पर जगह–जगह शपथ कार्यक्रम भी हुए।

0000

साल 2008 में आज ही के दिन आतंकवादियों ने मुम्बई में बम धमाके किये थे। राष्ट्रपति, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री सहित अन्य नेताओं ने मुंबई आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धाजंलि अर्पित की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज समूचा देश उन सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को नमन किया। श्री शाह ने कहा कि आतंकवाद मानव जाति के लिए अभिशाप है। सरकार इसके लिए जीरो टोलरेन्स की नीति रखती है। पूरी दुनिया भारत के आतंकवादरोधी अभियानो की सराहना कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों में शहीद हुए लोगों, पुलिस तथा सुरक्षा बलों को नमन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि इनका बलिदान आतंकवाद के खिलाफ देश की लडाई को मजबूत करता रहेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिको को श्रद्धाजंलि दी।

00000

सरदार /150 जयंती के उपलक्ष्य में आज जयपुर से यमुना प्रवाह पदयात्रा शुरू हुई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस यूनिटी मार्च को अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये मार्च जयपुर से पुष्कर, जोधपुर, पाली और माउंटआबू होते हुए गुजरात प्रवेश करेगी और केवडिया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर सम्पन्न होगी। इसके जरिये राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सरदार पटेल के योगदान को जन जन तक पंहुचाया जायेगा। मार्च को रवाना करने से पहले अपने संबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अथक प्रयासों के साथ पूरे देश को एक सूत्र में बांधा। देशी रियासतों के एकीकरण के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

......

0000

भरतपुर में आज उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। एमएसएमई और जिला उद्योग केन्द्र की ओर से हो रहे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के जरिये छोटे उद्योगों को मार्गदर्शन दिया जायेगा। इसमें प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधा, अनुदान और उद्यम विस्तार के बारे में जानकारी दी जायेगी।

0000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर शीतलहर का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस सीकर के फतेहपुर में दर्ज हुआ। सीकर में 4 और

बीकानेर के लूणकरणसर में रात का पारा साढे चार डिग्री रहा। अलवर, चूरू और नागौर में भी न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान औसतन 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 28 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000